Title: Need to find a permanent solution to the recurrent floods in Bihar.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में प्रत्येक र्वा भयंकर विनाशकारी बाढ़ आती है, जिससे भारी मात्रा में जान-माल की अपार क्षति होती है। बिहार में बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए कोशी, बागमती, गंडक, कमला नदी पर डैम बनाने में विलम्ब के कारण 1953 से आज तक बाढ़ से भयंकर जान-माल की क्षति हो रही है। शिवहर, मोतीहारी, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा और अन्य जिले इस र्वा भी बाढ़ की भीाण चपेट में हैं। उत्तर बिहार के लगभग 250 तटबंध खतरनाक स्थिति में हैं। बिहार की जनता रोजी-रोटी की तलाश में पलायन कर रही है।

अतएव सरकार से मांग है कि बिहार राज्य को इस विनाशकारी बाढ़ से रोकने हेतु बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।